**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**20.12.2025/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा—योग ने विश्व को स्वास्थ्य, संतुलन और समरसता का मार्ग दिखाया।
- सशस्त्र सीमा बल का 62वां स्थापना दिवस आज—केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बल के स्थापना दिवस पर जवानों व उनके परिवारों को दी शुभकामनाएं।
- राज्य सरकार ने एच.ए.एस. अधिकारी हरिश गज्जू को राज्य चुनाव आयोग का नया सचिव किया नियुक्त।
- भाजपा सांसद राजीव भारद्वाज ने कहा—मुख्यमंत्री का मनरेगा को समाप्त करने का दावा पूरी तरह झूठा व भ्रामक ।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दुनिया में संतुलन बहाल करना न सिर्फ वैश्विक उद्देश्य हैं बल्कि एक वैश्विक तात्कालिक जरूरत भी है। नई दिल्ली में पारंपरिक चिकित्सा पर विश्व स्वास्थ्य संगठन वैश्विक शिखर सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि योग ने विश्व को स्वास्थ्य, संतुलन और समरसता का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रयासों और एक सौ 75 से अधिक देशों के सहयोग से संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने की घोषणा की गई थी।

**पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली का एक अहम हिस्सा योग भी है। योग ने पूरी दुनिया को स्वस्थ, संतुलन और सामंजस्य का रास्ता दिखाया है। बीते वर्षों में हमने योग को दुनिया के कोनेदृ कोने तक पहुंचते देखा है। मैं योग के प्रचार और विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले हर व्यक्ति की सराहना करता हूं।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के लिए यह सौभाग्य और गर्व की बात है कि जामनगर में विश्व स्वास्थ्य संगठन का वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र स्थापित किया गया है। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि भारत पारंपरिक चिकित्सा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**सशस्त्र सीमा बल**

सशस्त्र सीमा बल आज अपना 62वां स्थापना दिवस मना रहा है। केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सशस्त्र सीमा बल के स्थापना दिवस पर जवानों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने से लेकर संकट के समय नागरिकों के साथ खड़े रहने तक, सशस्त्र सीमा बल ने हमेशा देश को गौरवान्वित किया है।

**खाद्य**

खाद्य, नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले विभाग ने कर्नाटक हेल्थ प्रमोशन ट्रस्ट और ग्लोबल एलायंस फॉर इम्प्रूव्ड न्यूट्रिशन के सहयोग से लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली में गेहूं के आटे के सुदृढ़ीकरण को मजबूत करने को लेकर कल शिमला में राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव आर. डी. नजीम ने अपने संबोधन में पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने संस्थागत सुदृढ़ीकरण, विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय तथा सतत् तकनीकी सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि सुदृढ़ीकरण कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने गेहूं के आटे के सुदृढ़ीकरण पर एक व्यापक नीति

दस्तावेज का भी विमोचन किया, जो राज्य में भविष्य की कार्यान्वयन रणनीतियों का मार्गदर्शन करेगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले विभाग के निदेशक राम कुमार गौतम ने कहा कि राज्य गुणवत्तायुक्त सुदृढ़ीकृत गेहूं के आटे के माध्यम से टीपीडीएस को मज़बूत करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे कमज़ोर वर्गों की पोषण सुरक्षा में सुधार होगा। केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक सुरेश सखारे ने तकनीकी सत्रों का संचालन किया। इन सत्रों में गेहूं के आटे के सुदृढ़ीकरण से जुड़े तकनीकी पहलुओं, नवाचारों तथा सर्वोत्तम प्रथाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

**कार्यशाला**

किन्नौर जिला के निचार उपमंडल स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला उरनी में सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम के अंतर्गत एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को उद्यमिता के अवसरों से अवगत कराना तथा उन्हें स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर जिला उद्योग केंद्र किन्नौर के महाप्रबंधक गुरु लाल नेगी ने एमएसएमई योजनाओं के तहत उपलब्ध विभिन्न लाभों, स्वरोजगार व उद्यमशीलता से जुड़ी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि युवा इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकते हैं।

**चंबा**

चलो चंबा अभियान के तहत जिला चंबा में जिम्मेदार स्थाई पर्यटन, स्थानीय पारंपरिक व्यंजनों, संस्कृति, कला व ऐतिहासिक धरोहरों को विश्व पर्यटन के मानचित्र पर लाने की दिशा में नए आयाम स्थापित किए गए हैं। नॉट ऑन मैप संस्था के प्रतिनिधित्व में इस अभियान से जुड़े लोगों ने बीते एक माह में पांच राज्यों सहित दो विदेशों के लोगों को इस अभियान से रूबरू करवाया है। अभियान के तहत आगरा में ताजमहल व आसपास के इलाकों में लोगों को अभियान के तहत हर जरूरी जानकारी दी गई। इसी कड़ी में बिहार की राजधानी पटना में आयोजित सातवें हिमालयन आरेंज टूरिज्म फेस्टिवल में चंबा जिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस महोत्सव में चलो चंबा अभियान एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र बना। चंबा के प्रतिभागी ने इस आयोजन को महत्वपूर्ण बताया।

***मेरा नाम मंनोज कुमार है हिमाचल प्रदेश जिला चम्बा पटना ऑरेंज फेस्टिव में भाग लेने का अवसर मिला प्रदेश की तरफ से गए हुए थे चम्बा का स्पेशल सीडू, चम्बा की कैप, चम्बा सोल, चम्बा रूमाल, चम्बा थाल लेकर गए हुए थे और यह सब उन दूसरे राज्यों को दिखा पाए।***

**तबादला**

राज्य सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए वर्ष 2011 बैच के एच.एस. अधिकारी डॉक्टर हरिश गज्जू को राज्य चुनाव आयोग का नया सचिव नियुक्त किया है। पूर्व में आयोग के सचिव रहे सुरजीत सिंह राठौर को सरकार ने लोकनिर्माण विभाग के अतिरिक्त सचिव के पद तैनात किया है। इसके अलावा एच.एस. अधिकारी निशांत शर्मा को एस.डी.एम नादौन लगाया गया है। इस संदर्भ में कार्मिक विभाग ने कल अधिसूचना जारी की है।

**राजीव भारद्वाज**

भाजपा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा कांगड़ा के इंदौरा में दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि मनरेगा समाप्त करने का दावा पूरी तरह झूठा, भ्रामक और राजनीतिक भ्रम फैलाने की साजिश है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व तथ्यहीन बयानबाजी कर ग्रामीण गरीबों को डराने का प्रयास कर रहा है। डॉ. भारद्वाज ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार ने मनरेगा को समाप्त नहीं किया है, बल्कि उसे और अधिक मजबूत, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाने के लिए 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के रूप में उसका संरचनात्मक उन्नयन किया है। उन्होंने कहा कि यह नया अधिनियम रोजगार की गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन करता है, जिससे ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा पहले से अधिक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह बताने से क्यों डर रही है कि नए कानून के तहत जल सुरक्षा, कोर ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका अवसंरचना और जलवायु लचीलापन जैसे क्षेत्रों में टिकाऊ परिसंपत्तियों का निर्माण होगा, जिससे गांवों में स्थायी विकास और रोजगार दोनों सुनिश्चित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि ग्रामीण भारत को रोजगार, गरिमा और आत्मनिर्भरता तीनों मिले। नया कानून उसी दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

## विंटर कार्निवाल

मनाली विंटर कार्निवाल कमेटी की एक बैठक कल मनाली में विधायक भुवनेशवर गौड़ अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि मनाली विंटर कार्निवाल आगामी 20 जनवरी से शुरू होगा और इसके लिए मनाली माल रोड को भव्य तरीके से सजाया जाएगा। कार्निवाल के दौरान शाम के समय सांस्कृतिक संध्याओ का आयोजन किया जाएगा। विधायक ने बताया कि इसके अलावा पर्यटकों को हिमाचल व् कुल्लू के स्थानीय व्यंजनों से रूबरू करवाने के लिए लोकल फूड कार्नर लगाए जाएंगे।

## अब सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** ने हाईकोर्ट के आदेश को सुर्खी दी है–**नौ साल तक आदेश लागू नहीं किए, लगाया 5 लाख जुर्माना।** दैनिक जागरण का शीर्षक है–**ठेकेदार की सिफारिश पर किया प्रोजेक्ट निदेशक का तबादला रद्द।**

आपका फैसला व हिमाचल दस्तक की एक जैसी सुर्खी है–**मनरेगा को समाप्त करना गरीबों के साथ अन्याय।** दिव्य हिमाचल का कहना है–**चिट्टा तस्करों की अब तक 50 करोड़ की संपति जब्त।**

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–योग ने विश्व को स्वास्थ्य, संतुलन और समरसता का मार्ग दिखाया।
- सशस्त्र सीमा बल का 62वां स्थापना दिवस आज–केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बल के स्थापना दिवस पर जवानों व उनके परिवारों को दी शुभकामनाएं।
- राज्य सरकार ने एच.ए.एस. अधिकारी हरीश गज्जू को राज्य चुनाव आयोग का नया सचिव किया नियुक्त।

भाजपा सांसद राजीव भारद्वाज ने कहा–मुख्यमंत्री का मनरेगा को समाप्त करने का दावा पूरी तरह झूठा व भ्रामक ।

———————————